तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 मार्च 2024

13 मंडियों में किसानों को मिलें सभी मूलभूत ....

14 आंख मिचौली से सामाजिक विसंगतियां पर प्रहार किया





## खबर संक्षेप

### मोबाइल छीनने का दूसरा आरोपी दबोचा

**रोहतक।** पुलिस की टीम गोहाना रोड के पास हुई मोबाइल फोन छीनने की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पाडा मौहल्ला निवासी आनंद ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की दी।

### 27 को कुश्ती की आवासीय खेल अकादमी को ट्रायल

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि खेल विभाग द्वारा स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम में कुश्ती खेल की आवासीय खेल अकादमी हेतु 15 से 23 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों के लिए 27 मार्च को प्रातः 9 बजे से ट्रायल लिए जाएंगे। कुश्ती खेल की आवासीय खेल अकैडमी हेतु इच्छुक महिला खिलाड़ी निर्धारित तिथि, समय व स्थान अनुसार ट्रायल के लिए उपस्थित हो। यह खिलाड़ी अपने साथ निर्धारित दस्तावेज साथ लेकर आये।



### रंग व्यंजन में गौड़ कॉलेज की टीम द्वितीय

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित रंग बहार कार्यक्रम के अंतर्गत रंग व्यंजन प्रतियोगिता में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए टीम को 21 हज़ार की इनाम राशि दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा डॉ. मंजू शर्मा के नेतृत्व में स्टाल लगाया गया, जिसका नाम देशी दावत रखा गया। स्टाल को हरियाणवी अंदाज में सजाया गया। इसके साथ ही कॉलेज विद्यार्थियों ऋतु, मनीषा, मुस्कान, रोहित, शीतल, आरती द्वारा हरियाणवी व्यंजन बनाकर परोसे गए।

### पुरानी रंजिश में बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

# सुनारियां गांव में युवक की हत्या, कार सवार बदमाशों ने बरसाईं गोलियां

- बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए
- मौके पर पहुंची एफएसएल एक्सपर्ट की टीम ने सबूत एकत्रित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव सुनारिया में पुरानी रंजिश के चलते कार सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर युवक की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल युवक को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। वहीं, एफएसएल एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया और सबूत एकत्रित किए गए। मृतक की पहचान गांव सुनारिया निवासी रविंद्र के रूप में हुई। मृतक कुछ समय पहले ही जेल से बाहर आया था। वह फाइनेंस के कार्य से भी जुड़ा हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

मौके पर जांच करती एफएसएल की टीम







मृतक रविंद्र फाइल फोटो

### रविंद्र को देखकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी

जानकारी अनुसार, शुक्रवार दोपहर को गांव सुनारियां में कार सवार करीब छह बदमाश पहुंचे। उन्होंने रविंद्र को देखकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान रविंद्र को करीब 4 गोलियां लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। वहीं, फायरिंग में घायल हुए रविंद्र को परिजनों ने उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने रविंद्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार वारदात को पुरानी रंजिश के चलते अंजाम दिया गया है।

### मृतक का रहा है आपराधिक रिकार्ड

पुलिस के अनुसार मृतक रविंद्र का आपराधिक रिकार्ड रहा है। मृतक रविंद्र हत्या के एक मामले में जेल काट चुका है। इसके अलावा अन्य कई मामलों में उसके खिलाफ केस दर्ज हैं। वारदात को किसी रंजिश के तहत अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए है। साथ ही एफएसएल एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाकर सबूत एकत्रित किए गए है। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस गिरफ्त से बाहर है, लेकिन जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। पुलिस बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## 35 सेंटरों पर 9169 ने दी परीक्षा, एक यूएमसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को हुई 12वीं की इंग्लिश की परीक्षा में एक यूएमसी केस बना। वहीं 35 सेंटरों पर हुई परीक्षा में 207 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। यहां बता दें कि परीक्षा 9376 विद्यार्थियों ने देनी थी, इनमें से 9169 छात्र उपस्थित रहे। वहीं उड़न दस्ते ने महम के एक परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण के दौरान नकल करने पर एक यूएमसी केस बना दिया। अब 26 मार्च को दसवीं कक्षा का सोशल साइंस और 12वीं कक्षा का 27 मार्च को गणित का पेपर है।

### जिले में 48 केंद्र बनाए

यहां ये भी बता दें कि हरियाणा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की



परीक्षाओं के लिए जिले में 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें महम उपमंडल में 9, रोहतक में 32 और सांपला में 7 केंद्र शामिल हैं। परीक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर दो दो ऑब्जर्वरों की नियुक्ति भी की गई है। परीक्षा के लिए विद्यार्थी समय से करीब एक घंटा पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो जाते हैं। इसके बाद वहां मौजूद स्टाफ सभी परीक्षार्थियों के आई कार्ड चेक करते हैं।

### पार्क में घूमने के लिए गए बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**रोहतक।** बस स्टैंड के पास हुडा सिटी पार्क में घुमने के लिए गए बुजुर्ग को मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। जिसके बुजुर्ग घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी। गांव मदीना हाल न्यू विशाल नगर निवासी संदीप ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता करीब 74 वर्षीय कृष्ण दांगी वीरवार शाम को घूमने के लिए गए थे। हुडा सिटी पार्क में जाते समय करीब शाम 6 बजे एक मोटरसाइकिल सवार ने तेज रफ्तार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया। वहीं मोटरसाइकिल की टक्कर के कारण कृष्ण दांगी सड़क पर गिर गए। जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटें आई। शिकायतकर्ता संदीप ने बताया कि हादसे की सूचना पाकर वे मौके पर पहुंचे। जहां घायल पिता को संभाला। वहीं घायल पिता को लहूलुहान अवस्था में रोहतक पीजीआईएमएस में भर्ती करवाया।



### एमडीयू के छात्रों ने टाइगर रिजर्व की जानकारी ली

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के विद्यार्थियों के दल ने शैक्षणिक भ्रमण पर सरिस्का टाइगर रिजर्व की विजिट की।बॉटनी विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता रानी तथा प्राध्यापक डॉ. सुंदर सिंह की अगुवाई में 57 शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के दल ने सरिस्का टाइगर रिजर्व में जीव-जन्तुओं के अलावा विभिन्न पेड़-पौधों बारे भी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। प्रो. अनीता रानी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान में अभिवृद्धि करते हैं और उनके सर्वांगिण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। गैर शिक्षक कर्मी राजेश रोहिल्ला ने इस विजिट में आयोजन सहयोग दिया।

### शहीद फौजी के बेटे से 9.19 लाख की धोखाधड़ी, केस

**रोहतक।** शहीद फौजी के बेटे से 9 लाख 19 हजार से रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। रोहतक के एसडीएम ऑफिस में कार्यरत क्लर्क ने अपनी मां के नाम पर पेट्रोल पंप लेने के लिए गूगल पर सर्च करके एक साइट पर आवेदन किया था। जिसके बाद उसे ठगों ने निशाना बनाया और लाखों रुपये ठग लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम को दी। गांव सैंपल निवासी नीरज ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फिलहाल रोहतक की रिविन्यू कॉलोनी में रहता है। वहीं एसडीएसम कार्यालय में लिपिक पद पर कार्यरत है। उसके पिता सुरेश कुमार सेना में नौकरी करते थे। जो 2003 में नौकरी पर ही शहीद हो गए, इसलिए वह अपनी मां सुदेश देवी के नाम पर कोटे से पेट्रोल पंप लेना चाहता था। इस दौरान एक वेबसाइट मिली, जिस पर उसने आवेदन फार्म भर दिया।

शिकातय में बताया कि 7 फरवरी को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। सामने से महिला की आवाज में बात की, जिसने बताया कि उनका नाम पेट्रोल पंप के लिए चुना गया है।

## मंत्री अभय यादव और बनवारी लाल ने पूर्व मंत्री ग्रोवर के भाई के निधन पर जताया शोक

- दोनों मंत्री बोले, पूर्व मंत्री ग्रोवर का परिवार सदैव लोगों के सुख-दुख में रहता है साथ
- प्रदेशभर के नेताओं, अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ग्रोवर परिवार के प्रति जताई संवेदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के बड़े भाई सुंदर दास ग्रोवर के निधन पर शोक जताने के लिए शुक्रवार को प्रदेशभर से नेता, अधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। सभी ने ग्रोवर परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। हरियाणा के मंत्री अभय सिंह यादव, मंत्री बनवारी लाल और अस्थल बोहर मठ के गद्दीनशीन व विधायक महंत बालक नाथ समेत प्रदेशभर से आए अनेक नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री यादव और बनवारी लाल ने कहा कि सुंदर दास ग्रोवर सामाजिक व्यक्ति थे। बिल्कुल धरातल से जुड़कर उन्होंने कार्य किया। समाज के प्रति उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। ग्रोवर परिवार रोहतक और हरियाणा के लोगों के सुख और दुख में सदैव साथ रहा है। प्रभु से प्रार्थना है कि इस हादसे से उभरने की उन्हें शक्ति दे। उन्होंने परिवार के अन्य लोगों को सांत्वना दी। स्टेट फिल्म यूनिवर्सिटी के कुलपति गजेंद्र चौहान, महामंडलेश्वर महंत कालिदास, सिविल सर्जन रोहतक डॉक्टर अनिल बिरला, सिविल सर्जन डॉक्टर रमेश सहित अनेक अधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सवेंदना व्यक्त की। आपको बता दें कि सुंदर दास ग्रोवर कई दिन से अस्वस्थ चल रहे थे और हार्ट अटैक आने से उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी रस्म क्रिया 28 मार्च को शहीद मदन लाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में दोपहर 2:00 से 3:30 बजे तक होगी।



## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराना प्राथमिकता

वल्नरेबिलिटी मैपिंग के कार्य को जल्द करें पूरा

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने वल्नरेबिलिटी मैपिंग के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वल्नरेबिलिटी मैपिंग के तहत उन व्यक्तियों, समूह या अन्य कारकों की पहचान की जाती है, जो स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। अजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने आदर्श चुनाव आचार संहिता के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की अनुपालना रिपोर्ट मांगी और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

सर्वे | खराबे को प्रतिशत जांचने के लिए किया मौका मुआयना

## वर्षा-ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के नुकसान का आंकलन करने के लिए गांव में पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रबी सीजन के दौरान भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि की वजह से जिला के कई गांवों में फसलों में भारी नुकसान हुआ था। किसानों द्वारा नुकसान की सूचना कृषि विभाग व बीमा कंपनी को दी थी। गांव मायना, बालन्द, रूडकी व मुंगाण में सूचनाएं अधिक होने के कारण उपायुक्त अजय कुमार द्वारा सैंपल सर्वे करवाए जाने के दिशा निर्देश दिए गए। जिसके बाद अधिकारियों की टीम ने कई गांवों में फसल का जायजा लिया। संयुक्त जांच टीम एसडीएम आशीष कुमार, उप कृषि निदेशक डॉ. कर्मचंद रोहतक व तहसीलदार, रोहतक द्वारा आपदा के अन्तर्गत किसानों द्वारा फसल नुकसान के सर्वे के लिए गांव मायना, बालन्द, रूडकी व मुंगान का खराबा प्रतिशत जांचने के लिए मौका मुआयना किया गया। गांव मायना से फसल खराबे के बारे में 1232 किसानों द्वारा, गांव बालन्द से 1087 किसानों द्वारा, गांव रुड़की से 1132 किसानों द्वारा व गांव मुंगान से 1111 किसानों द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

मौका मुआयना एग्रीकल्चर इंश्योरंस कंपनी के प्रतिनिधि की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर कई किसान संगठनों के प्रतिनिधि व प्रभावित किसान भी उपस्थित थे। संयुक्त जांच टीम द्वारा रिपोर्ट आगामी कार्यवाही के लिए बीमा कंपनी को भेज दी जाएगी।



**रोहतक।** फसलों का जायजा लेते हुए एसडीएम एवं अन्य अधिकारी।





व्हेल मछली उल्टी दिशा में नहीं तैर सकती।



हाथी अपनी सूंड में पांच लीटर पानी रख सकता है।

# कंप्यूटर टीचर बनने के लिए क्या करें



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है।

## भारी डिमांड

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमश: बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## कैसे बनें कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### नौकरी के कई अवसर

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूटयूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

## आइक्यू लेवल अधिक है तो यह विकल्प है आपके लिए

# फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है तो फिल्म डायरेक्टर बन चमकाएं करियर



जॉब ट्रेंड्स


करियर डेस्क

### युवाओं की बन रहा पहली पसंद

व्यक्ति अपनी रूचि के आधार पर अपने भविष्य को निर्धारित करने की सोचता रहता है। व्यक्ति अपने रुचि के आधार पर ही भविष्य को बनाए तो अच्छा रहेगा। किसी के दबाव में आकर यदि व्यक्ति अपने भविष्य को बनाने जाए तो अधिकतर लोगों को ऐसी परिस्थिति में और सफलता मिलती है। यदि




आपको फिल्मों और फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है, तो ऐसे में आपके लिए करियर ऑप्शन के तौर पर एक फिल्म डायरेक्टर बनने का भी ऑप्शन होता है। फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते हैं? यह सवाल अक्सर लोग पूछते रहते हैं लेकिन यदि आपकी माइंड क्रिएटिविटी अधिक है या आपके माइंड का आइक्यू लेवल अधिक है तो आप फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। इसके लिए ना तो ज्यादा पढ़ाई की जरूरत है और ना ही किसी अन्य सर्टिफिकेट की जरूरत है। आप अपने टैलेंट के दम पर फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए कई प्रकार के पढ़ाव व्यक्ति को अपने जीवन में पार करने होंगे। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते है। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।




### कौन होता है फिल्म डायरेक्टर

किसी भी फिल्म को बनाने में फिल्म डायरेक्टर की मुख्य भूमिका होती है। फिल्म डायरेक्टर हिट फिल्म को बनाने के लिए पूरी कोशिश करता रहता है। फिल्म डायरेक्टर के बिना फिल्म बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। फिल्म पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक फिल्म डायरेक्टर की निगरानी के अंदर बनती है। फिल्म बनाने के सभी कार्य को निर्देशित करने वाला व्यक्ति फिल्म डायरेक्टर ज्ञान निर्देशक चलाता है। आज के समय में फिल्म बनाना काफी एडवांस हो गया है। यहां एक व्यक्ति बहुत सारे किरदार निभा रहा है। कई लोग इस फिल्म में अभिनेता होने के साथ-साथ फिल्म डायरेक्टर का काम भी करते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनना व्यक्ति के लिए एक चुनौती भी है। क्योंकि यहां पहुंचने के लिए काफी मेहनत लगती है। लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए किसी भी प्रकार से पढ़ाई की कोई जरूरत नहीं होती है। व्यक्ति आठवीं दसवीं पास भी फिल्म डायरेक्टर बन सकता है।

### करने पड़ते हैं ये महत्वपूर्ण काम

किसी भी फिल्म बनाने में मुख्य भूमिका फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म के सभी एक्टिविटी को फिल्म डायरेक्टर के द्वारा निर्देशित किया जाता है। फिल्म की कहानी से लेकर फिल्म पूरी होने तक की संपूर्ण जिम्मेदारी फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म डायरेक्टर जो फिल्म के सभी किरदार के रोल को प्ले करवाता है। कैमरा की शूटिंग करवाता है, फिल्म की जगह का चयन करता है। उस फिल्म किस कहानी पर बनानी है इसका निर्धारण करता है। फिल्म की शूटिंग किस टाइप से करनी है। इसका निर्धारण करता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के कई कार्य होते हैं। फिल्म डायरेक्टर का सबसे पहला काम फिल्म की कहानी का चयन करना होता है।

फिल्म की कहानी का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को फिल्म के शूटिंग की बेहतरीन जगहों का चयन करना होगा। फिल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन जगह का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को किरदार पर कौन से अभिनेता व अभिनेत्री को काम देना है इनका चयन करना होगा। फिल्म डायरेक्टर ही तय करता है कि फिल्म की कहानी किस आधार पर टूट की जाएगी और सूट करने के लिए क्या लोकेशन रखना है कैसे शूट करना है इन सभी पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। फिल्म डायरेक्टर हीरो और हीरोइन को एक्टिंग के लिए और हर टास्क को अच्छे से पूरा करने के लिए निर्देशित करते हैं।

### जरूरी योग्यताएं

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए ऐसी कोई खास योगिता की जरूरत नहीं होती है। लेकिन फिर भी फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति को विशेष प्रकार से कई प्रकार की योग्यता को पूरा करना होगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए किसी भी प्रकार की पढ़ाई की जरूरत नहीं होती है। लेकिन आपके पास अनुभव होना चाहिए। अनुभव के बिना आज फिल्म को डायरेक्ट नहीं कर पाएंगे और आपको फिल्म डायरेक्ट करने का मौका भी नहीं मिलेगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति के बाद आत्मविश्वास होना चाहिए। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए योग्यता के तौर पर आपको फिल्म डायरेक्टर कोर्स के सर्टिफिकेट की भी अक्सर जरूरत पड़ती है।

### सर्टिफिकेट इन एनिमेशन

- फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए सर्वप्रथम अपने अंदर फिल्मों की सूची को बढ़ाना होगा और अपने टैलेंट को स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए।
- आज के समय में कई प्रकार के सर्टिफिकेट की जरूरत भी होती है ऐसे में आप फिल्म डायरेक्शन के क्षेत्र में यदि अपना करियर बनाना चाहते हैं तो फिल्म डायरेक्शन और सिनेमा से जुड़े कई प्रकार के डिप्लोमा होने से कुछ डिप्लोमा हासिल करके फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं।
- बेहतर योजना के साथ स्कूल व कॉलेज में ड्रामा और प्रोग्राम में भाग लेकर अपने टैलेंट को लोगों के सामने पेश करें।
- कई आइडियल शॉ प्रतिवर्ष होते हैं उन्हें अपनी क्रिएटिविटी को बाहर लाएं और फिल्म इंडस्ट्री की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़े।
- टेलीविजन डायरेक्टर बनकर अपने करियर की शुरुआत करने का प्रयास करें या छोटे-मोटे किसी अभिनय जान नाटक के डायरेक्टर बंद कर इस इंडस्ट्री में अपने कदम को रखते हुए आगे बढ़े।
- जब आप टेलिविजन डायरेक्टर या किसी अन्य नाटक में डायरेक्टर पद पर अच्छे से काम कर रहे हैं। तो आपको कई चांस होते हैं, कि फिल्म डायरेक्टर पद पर आपको नौकरी मिल जाती है।
- आप अपनी जान पहचान के आधार पर भी फिल्म डायरेक्टर की नौकरी फिल्म इंडस्ट्री में हासिल कर सकते हैं।

### फिल्म डायरेक्टर के कोर्स

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए आपको कई प्रकार के सिनेमा से जुड़े कोर्स करने होते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए जरूरी कोर्स की सूची हम आपको नीचे कुछ इस प्रकार से प्रदान करवा रहे हैं।

- बेचलर इन सीनेमेटिक
- पीजी इन फिल्म डायरेक्शन
- बेचलर इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन फिल्म एंड टीवी प्रोडक्शन
- बीएससी इन सिनेमा
- डिप्लोमा इन डायरेक्शन
- डिप्लोमा एंड पीजी डिप्लोमा इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड कम्यूनिकेशन

### भविष्य में स्कोप

फिल्म डायरेक्टर बनने वाले व्यक्ति के भविष्य के इसको कि यदि बात करें, तो फिल्म इंडस्ट्री में जाने के पश्चात स्कोप की कोई कमी नहीं है। क्योंकि फिल्म उद्योग दिन प्रतिदिन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है और ऐसे में यदि आप फिल्म इंडस्ट्री में कैरियर की बात करें तो यहां हजारों करियर ऑप्शन आपको अलग-अलग मिल जाएंगे। आप फिल्म डायरेक्टर की नौकरी करते करते आप फिल्म प्रोडक्शन भी बन सकते हैं। इससे बड़ा कोई स्कोप नहीं हो सकता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के मुख्य फ्यूचर स्कोप कौन-कौन से हैं। इसकी जानकारी हम आपको नीचे दे रहे हैं।

- अभिनेता और अभिनेत्री बन जाना
- कहानी लेखक बन जाना
- खुद की फिल्म बनाना
- फिल्म के प्रोड्यूसर बन कर काम करना
- फिल्म में अन्य रोल पर भी प्ले करना
- फिल्म डायरेक्टर बनने के पश्चात आप कई तरह से फिल्म के अलग-अलग किरदार के अनुभव को आसानी से सीख सकते हैं और उसके पश्चात आप भी उन किरदार पर काम कर सकते हैं या खुद का फिल्म बनाने तक भविष्य में आगे जा सकते हैं।

# भारत के युवाओं को पाखंड और पाखंडियों की पहचान करने की कला सीखनी होगी



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

भारत के युवाओं को जब मैं पाखंड की शरण में जाता देखता हूं तो मुझे बड़ा तरस आता है, विश्व के सबसे बड़े और महा ऋषि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के देश में इतना पाखंड जिसमे भारत की वो युवा पीढ़ी निगली जा रही हैं। इसके लिए बड़ा ही चिंतन और मंथन की जरूरत हैं। मैं अगर आज से 30 से 40 वर्ष पहले की बाद करूं तो कोई भी युवा पाखंड से प्रभावित नही थे परंतु लगभग पिछले 20 वर्षो से पाखंड बहुत तेजी से फैल रहा हैं। युवा साथियों, दो देवता तो कुछ साल पहले अवतरित हुए, पहला शनि देवता तथा दूसरा सांई देवता। पूरी युवा पीढ़ी शनि तथा साईं के चक्कर में उलझते जा रहे हैं, हमारे देखते देखते पिछले कुछ सालों में ही शनि तथा साईं के इतने स्थल बन गए जो वेद विरुद्ध कार्य करते हैं।

### काला धागा बांधना भी पाखंड

कोई इस पर चिंतन मंथन नही करता कि पहले तो ये शनि और साईं देवता नही थे वो अब कहां से प्रकट हो गए, यहीं तो युवाओं को जानने की जरूरत हैं। अरे मुझे आश्चर्य होता है कि आज के लड़के लड़कियों हाथों में तथा पैरों में भी काले धागे बांधते हैं, लोग गाडियों में नींबू मिर्ची लगा कर बिना हेलमेट तथा बिना बेल्ट लगा कर चलाते हैं। युवा साथियों नींबू मिर्ची आपकी जान नही बचाएगी, जान तो हेलमेट तथा बेल्ट ही बचाएगी। लोग, छोटी सी प्रोब्लम होते ही भाग पड़ते है, बूझा निकलवाने के लिए, और वहां 500 अथवा 1000 रुपए देकर, ठगी करा कर आते है तथा कहते सब अच्छा हो गया। युवा साथियों आपका जीवन राष्ट्र को विकसित करने में अपनी भूमिका तय करना है ना कि सारा समय इस पाखंड में उलझना हैं, दोस्तो ये व्यवसाय है। अब मैं युवाओं को मेहनती, कर्मठ, शोध तथा सच्चाई को अपनाने के लिए संकल्प लेने की बात कर रहा हूं। आओ अब विमर्श करते है जो गतिविधियां जीवन को पाखंड में डालती हैं, उससे पहचानने तथा बचने की आवश्यकता हैं।

- किसी के पास अपना भविष्य जानने जाना, निरा पाखंड हैं, अरे जो व्यक्ति सड़क किनारे बैठा है या अपनी दुकान सजाकर बैठा है वो अपना तो भविष्य सुधार नहीं सकता, वो दूसरे का भविष्य क्या सुधरेगा।
- हाथ पैरों में काले, पीले, लाल धागे बांधना।
- हर दिन अलग अलग रंग के कपड़े पहनना।
- शनि, को देवता मानना। जो की केवल एक ग्रह है और वो किसी के ऊपर नही चढ़ता क्योंकि वो पृथ्वी से भी बड़ा हैं।
- साईं बाबा को ईश्वर मानना भी तो पाखंड हैं।
- हस्तरेखा दिखाना और उस पर विश्वास करना।
- देवता केवल पांच है अग्नि, जल, वायु, धरती, और आकाश, जो हमे जीवन देते हैं, बाकी सब पाखंड हैं।

### इनसे दूर रहने की जरूरत

- भगवान श्री कृष्ण को अपनी डलियां में लेकर घूमना।
- पवित्र पेड़ो में धागे बांधना, नारियल बांधना।
- चौक चौराहे पर टोने टोटके करना भी सबसे बड़ा पाखंड हैं।
- नए घर बना कर, उसके सामने काला मुखौटा, अथवा टायर बांधना भी तो पाखंड हैं।
- गले में किसी भी प्रकार के ताबीज बांधना।
- बाजू में काले धागे बांधना, गले में भी काले धागे बांधना भी पाखंड हैं।
- किसी के घर में कोई भी टोना टोटका करना, किसी के घर में आग लगा देना, किसी के घर में मांस या खाने की चीजे डालना।
- किसी बच्चे के बाल काटना, किसी के वस्त्र कटना भी टोना हैं परंतु ये पाखंड है, ऐसे लोगो का मानसिक इलाज कराने की आवश्यकता हैं।
- बड़े बड़े भविष्य दिखाकर गरीबों को ठगना भी पाखंड हैं। भगवान तुम्हारी कठपुतली नही है जैसा चाहो वैसा व्यवहार करो।
- दिन के अनुसार अलग अलग रंग के कपड़े पहनना शुभ मानते है तो ये पाखंड हैं।
- अपने दिमाग पर ताला लगा कर तर्क हीनता भी पाखंड हैं। महिलाओं में भूत प्रेत की घटनाएं भी तो पाखंड का सबसे बड़ा दृश्य हैं। किसी पशु पक्षियों की बलि चढ़ाना।
- किसी के कहने पर छोटे छोटे बच्चो के साथ गलत कार्य कर देना जो उनकी जान के लिए खतरा भी हो सकता हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



### वैश्य पब्लिक स्कूल में हुई सेल्फी प्रतियोगिता

**रोहतक।** वैश्य पब्लिक स्कूल में होली के अवसर पर छात्रों, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रंगीन सेल्फी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### साइकिलिंग खेल स्पर्धा का आयोजन

**रोहतक।** स्पेशल ओलम्पिक भारत हरियाणा के सौजन्य से 18 मार्च से 22 मार्च 2024 तक राष्ट्रीय स्तर पर साईकिलिंग खेल प्रतियोगिता का आयोजन ताऊ देवीलाल स्टेडियम, पंचकुला में किया गया। सिरतार संस्थान के दो दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें दिव्यांग खिलाड़ी मास्टर लोकेश ने 2 किलोमीटर की साईकिलिंग रेस में स्वर्ण पदक एवं 5 किलोमीटर रेस में कांस्य पदक तथा मास्टर कुनाल ने 5 किलोमीटर की साईकिलिंग रेस में स्वर्ण पदक तथा 10 किलोमीटर की रेस में रजत पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया होली पर्व



**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में होली का त्यौहार बड़े हर्ष और उल्लास से मनाया गया। विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. रश्मि गुप्ता को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्राचार्या ने सभी बच्चों को अशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने होली के गीतों पर थिरकते हुए उत्सव का आनंद उठाया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मंडियों में किसानों को मिलें सभी मूलभूत सुविधाएं : डीसी

सुचारू रूप से चलाया जाए फसल खरीद का कार्य

- पर्याप्त बारदाने का प्रबंध भी किया जाए सुनिश्चित
- खरीद कार्यों को लेकर डीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने मंडियों में आने वाले किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में रबी 2024-25 की खरीद को लेकर जिला स्तर पर मंडियों में खरीद प्रबंधों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए।

अजय कुमार ने कहा कि 1 अप्रैल से जिला की मंडियों में गेहूं, सरसों व अन्य फसलों की खरीद का कार्य आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि खरीद कार्यों को सुचारू रूप से चलने के लिए सभी खरीद एजेंसियों द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। मंडियों में साफ-सफाई व पानी का भी प्रबंध किया जाए। सभी खरीद एजेंसियां गेहूं, सरसों व अन्य खरीद की एमएसपी व सरकार द्वारा निर्धारित खाद्यान्न मापदंडों के अनुसार की जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रकार की फर्जी खरीद ना हो। खाद्यान्न का मंडी में समय पर उठान करने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा पूर्व वर्षों की भांति श्रम एवं ढुलाई तथा परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति समय पर की जाए।

### अधिकारी नहीं छोड़ेंगे कार्यालय

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी खरीद एजेंसियां गेहूं व अन्य फसलें खरीद के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने का प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों के जिला प्रबंधक, मार्केट कमेटी के सचिव, खरीद कार्य से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने प्रतिदिन के खरीद आंकड़े भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। किसान सहायता केंद्र के बारे में भी उपायुक्त ने दिशा निर्देश जारी किया।

### अनाज मंडियों में नोडल अधिकारी नियुक्त

जिला में रबी खरीद सीजन 2024-25 को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत जिला की मंडियों में आवश्यक प्रबंधों की निगरानी के लिए यातायात प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। एक अप्रैल 2024 से विभिन्न मंडियों में गेंहू, सरसों व अन्य फसलों की खरीद शुरू की जाएगी।

### इनकी जिम्मेदारी

अजय कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार को लाखनमाजरा, सांघी व किलोई मंडी, महम के उपमंडलाधीश दलबीर फोगाट को महम एवं मदीना मंडी, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार को रोहतक, कलानौर एवं काहनौर मंडी तथा सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र जून को सांपला एवं हसनगढ़ मंडियों के लिए यातायात प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों की नियुक्ति रबी खरीद सीजन के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए समुचित व्यवस्था के दृष्टिगत की गई है। जिला में गेंहू खरीद कार्य कलानौर, काहनौर, किलोई, लाखनमाजरा, मदीना, महम, रोहतक, सांपला, सांघी, हसनगढ़ तथा सरसों की खरीद के लिए रोहतक, महम, सांपला व कलानौर मंडियों में खरीद की जाएगी।

# सांसद ने रेलवे रोड पर लोगों से मुलाकात की



**रोहतक।** रेलवे रोड के व्यापारियों से मिलते राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत रेलवे रोड इलाके में डोर टू डोर संपर्क कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कार्यशैली तानाशाही की पराकाष्ठा है। देश में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच में जंग चल रही है लेकिन अंत में जीत लोकतंत्र की ही होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कुशासन जैसे जरूरी मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए ही देश के सरकारी तंत्र, सरकारी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके लगातार विपक्ष को निशाने पर ले रही है और विपक्ष को कुचलकर कमजोर करने के प्रयास कर रही है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र में अपने कार्यकाल और वर्तमान बीजेपी सांसद के कार्यकाल के कामों की तुलना की। उन्होंने बताया कि रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अकेला ऐसा क्षेत्र है जहां भारत सरकार के राष्ट्रीय स्तर के 6 संस्थान उन्होंने बनवाए। जिनमें आईआईएम, एम्स-2 बाढ़सा, केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान प्रमुख हैं। इसके अलावा 5 नए विश्वविद्यालय जिसमें पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र (टूल रूम), न्यूक्लीयर साइंस यूनिवर्सिटी, स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ विजुअल एण्ड परफॉरमिंग आर्ट्स, इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी (मीरपुर) शामिल हैं। रोहतक लोकसभा में 18 नये सरकारी महाविद्यालय, 18 नयी सरकारी आईटीआई, 8 नये सरकारी पॉलीटेक्निक, भाकली और मतनहेल में 2 नये केंद्रीय विद्यालय, 2 नये इंजीनियरिंग कॉलेज, 1 सैनिक स्कूल, 200 से ज्यादा नये सरकारी स्कूल और सैंकड़ों स्कूल अपग्रेड कराए। उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों में 120 नये खेल स्टेडियम बनाए गए।

# होली पर्व देता है भाईचारे का संदेश

इंडस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया होली उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंडस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में निदेशिका डॉ. एकता सिंधु के मार्गदर्शन में होली उत्सव मनाया गया। प्राचार्य डॉ. सुषमा जाखड़ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजिका रेनु अत्री व स्टाफ सदस्यों की देखरेख में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। प्राचार्य ने कहा कि होली का त्योहार हमारे मन में नई उमंग भर देता है। हम एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे का संदेश देते हैं।

यह पर्व सभी गिले शिकवे मिटा देता है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने जल संरक्षण का भी संदेश दिया।




# ऋण आवेदन 10 दिनों में निपटाएं बैंक

- उपायुक्त ने ऋण आवेदनों के लंबित रहने पर चिंता जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय बैठक डीआरडीए के सभागार जिला विकास भवन में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अजय कुमार ने की। बैठक में भाग लेने वाले अन्य अधिकारियों में एडीसी वैशाली सिंह डीएसपी रवि कुमार, एलडीओ मंजीत कुमार, अमित सिंह जाखड़ अग्रणी जिला प्रबंधक एवं सभी बैंक व सम्बंधित सरकारी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बैंकों में जमा ऋण अनुपात 60 प्रतिशत के न्यूनतम लक्ष्य के बदले 63 प्रतिशत की उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने वार्षिक ऋण योजना के तहत वितीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के लिए कृषि क्षेत्र के ऋण संवितरण लक्ष्य 2209 करोड़ के सामने 2113 करोड़, जो कि 96% रहा, प्राथमिकता क्षेत्र में 4973 करोड़ के सामने 6585 करोड़, एमएसएमई के तहत ऋण संवितरण लक्ष्य 2173 करोड़ के सामने 3756 करोड़ जो कि क्रमशः 132% व 172% है, की प्राप्ति पर सभी बैंक कर्मियों के कार्य की सराहना भी की। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से प्राप्त ऋण आवेदनों के लंबित रहने पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए सभी लंबित आवेदनों को 10 दिन के अन्दर निपटाने के निर्देश दिए। अमित जाखड द्वारा फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्तमान सीजन रबी 23-24 पर विस्तार से चर्चा की गई। अमित सिंह अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बैठक में भाग लेने वाले सभी प्रतिनिधियों का आभार जताया गया।

### पुराने साथी होने के नाते केजरीवाल का साथ देने को हैं तैयार : जयहिंद

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद ने शुक्रवार को सेक्टर 6 में कहा कि वे 17 साल पुराने साथी होने के नाते केजरीवाल का साथ देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा वे दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली सरकार द्वारा किए 100 करोड़ के शराब घोटाले में जेल जाने को तैयार हैं। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि उन्होंने 2004 में केजरीवाल को एमडीयू में बुलाया था। तब इन्हें कोई जानता तक नहीं था। 17 साल उन्होने केजरीवाल के साथ काम किया है। इन्होंने केजरीवाल के साथ मिल कर स्वराज की किताबें बेची थी। सड़कों पर लठ खाए थे। लेकिन आज वो अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी होने के नाते 17 दिन जरूर जेल में जाएंगे।

**NOTICE**

I, Kapil S/o Sh. Rameshwar Dass Jaglan R/o 265A, W.No. 33, Kath Mandi, Rohtak-124001 (Haryana) declare that I want to change my name from Kapil to Kapil Jaglan. In future I may be known as Kapil Jaglan for all purposes.

# स्कूल-कॉलेजों में मनाई होली

**सांपला।** इलाके के कई स्कूलों व कॉलेज में शुक्रवार को होली उत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे साथी को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जैसे ही दोपहर बाद स्कूलों में छुट्टी हुई तब छात्रों ने एक दूसरे छात्राओं पर गुलाल लगाकर होली उत्सव मनाया। कॉलेज में भी कई विद्यार्थी गुलाल लगाते देखे गए। वहीं बाजार में भी होली को लेकर दुकानें सज गई है। दुकानदारों का कहना है कि बच्चे पिचकरियां व गुलाल ले जा रहे हैं। गौरतलब है कि रविवार को होली का पर्व है। इसको लेकर लोगों में उत्साह है। होली का पर्व रवि की फसलों को पकाने का संदेश देता है। होली के बाद गेहूं की फसल भी पक जाएगी। पार्षद अंकित ओहलयान ने लोगों से होली पर्व पर पानी बचाने की अपील की और गुलाल होली खेलने का सुझाव दिया।

# फूल और चंदन से मनाएं होली का त्योहार : तनेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनरल सेक्रेट्री जितेंद्र मेहता रहे। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अंजू देशवाल (संचालिका, छात्र कल्याण प्रकोष्ठ) ने बताया कि विद्यार्थियों के स्वर्णिम विकास के लिए शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और रंग महोत्सव को सात्विक तरीके से फूल चंदन से मनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने होली के गीतों पर नृत्य करते हुए फूलों से रंग महोत्सव मनाया।

# विकास में कंप्यूटर प्रौद्योगिकी का खास महत्व : प्रो. मलिक

- मदवि के कंप्यूटर विभाग में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग द्वारा- फ्यूचर कंप्यूटिंग टैक्नोलोजीस फॉर ससटेनेबल डेवलपमेंट पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हो गई। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनोमिक चेंज की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रो. सोनिया मलिक ने अपने संबोधन में समावेशी विकास में कंप्यूटर प्रौद्योगिकी को अहम बताया। उन्होंने डिजिटल तकनीकों के उपयोग में स्थायी विकास और समृद्धि को प्राथमिकता देने की बात कही। प्रो. सोनिया मलिक ने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्षा डॉ. प्रीति सिंह और उनकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कंप्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्षा प्रो. प्रीति गुलिया ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. नसीब सिंह गिल ने इस संगोष्ठी में आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों बारे जानकारी दी। आभार प्रदर्शन प्राध्यापक डा. संदीप दलाल ने किया। समापन सत्र में 10 बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड दिए गए। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, कंप्यूटर साइंस विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में आयोजित टैक्नीकल सत्रों को डॉ. सोनल बेनीवाल, डॉ. विशाल वर्मा, डॉ. अनुपम भाटिया, डॉ. सिमा, डॉ. हरकेश सहरवात, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. राजकुमार यादव, डॉ. धीरज खुराना, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. कमलदीप, डॉ. हेमलता, प्रो. सुखदीप सिंह, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. राहुल ऋषि, प्रो. युद्धवीर सिंह, प्रो. सुमित गिल, डॉ. सुनील सिक्का, डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. प्रदीप तोमर तथा डॉ. यज्ञाथ रिमत ने चेयर किया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में लगभग 210 प्रतिभागियों ने शिरकत की।

### जन स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच एवं हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन ने प्रतिनिधिमंडल ने लम्बित मांगों को लेकर प्रशासक एचएसवीपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर ने बताया कि, एचएसवीपी संपदा कार्यालय पानीपत से जून 2023 में वर्षों पुराने 45 कच्चे सफाई कर्मचारियों को टेंडर समाप्ति का बहाना करके सेवा से हटाया हुआ है। तब से आज तक यूनियन उनको दोबारा लगवाने के लिए पत्र व्यवहार सहित डेपुटेशन ले रही है। बड़ी मुश्किल से उनका टेंडर के लिए एस्टीमेट पास करवाया था और प्रशासक रोहतक ने संपदा अधिकारी पानीपत को तुरंत टेंडर लगाकर कर्मचारियों को लगाने के आदेश दिए थे। लेकिन आज तक टेंडर नहीं हो पाया। कुलदीप सिंह कनिष्ठ अभियंता बागवानी पानीपत द्वारा काटे गए लाखों के हरे और सूखे पेड़ के बारे में मामला दर्ज करवाने और रिकवरी करने की मांग की गई है। कुलदीप सिंह द्वारा वर्षों से अवैध रूप से सरकारी मकान में रहने की पेनल्टी लगाने हुए रिकवरी करने की मांग की गई है।

# सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का करें सामना



रोहतक। एमडीएन स्कूल में आयोजित मोटिवेशनल सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीएन स्कूल में शुक्रवार को मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया।

भारतीय सेना के ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने सैनिकों के साहसिक कार्यों के उदाहरण देकर बच्चों को लगन, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी ,देशभक्ति आदि गुणों को जागृत करने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने बताया कि नकारात्मक विचार हमारे मस्तिष्क में वायरस का कार्य करते हैं। हमें सदैव सकारात्मक सोच रखकर जीवन की चुनौतियों का डट कर सामना करना चाहिए।

इस मौके पर किंग्स कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अंशुल नरवाल, कमांडिंग ऑफिसर मनवीर धनखड़, विद्यालय की मैनेजर रेनु नरवाल तथा एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

**अदालती ईश्तहार**

**न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।**

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा रामकुमार बनाम रोहतास दत्तक आदी बाबत खेवट तकसीम करवाने खेवट नंबर-248//219 खतौनी नंबर-264 तादादी रकबा किते 8, 43 कनाल, 15 मरले वाका मौजा मदीना गिन्धरान, तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी 1. रोहतास दत्तक पुत्र महाबीर पुत्र टेका, 2. तसबीर पुत्र टेका पुत्र हरद्वारी हाल निवासी पुरानी आई०टी०आई०, नजदीक डबल रेलवे फाटक रोहतक (जिलेदार) मोबाईल नं.-9728582858, 3. सुशीला देवी विधवा महाबीर पुत्र टेका, 4. सन्तोष, 5. उर्मिला पुत्र महाबीर पुत्र टेका, 6. मानसी पुत्री शर्मिला पुत्री महाबीर पुत्र टेका, 7. रामकिशन पुत्र टेका पुत्र हरद्वारी सभी निवासी मदीना गिन्धरान (पाना देव) तहसील महम जिला रोहतक को बजरीए समन तलब किया जा चुका है। परंतु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरीए अखबार ईश्तहार की जानो उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 08.04.2024, समय 10:00 बजे को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अतः 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर,
द्वितीय श्रेणी, महम

# छात्राओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में स्थापित प्रकृति व्याख्या केंद्र (नेचर इंटरप्रोटेंशन ) तथा भूगोल विभाग द्वारा वर्ल्ड वाटर डे के अवसर पर व्हॉट इस योर वाटर फुटप्रिंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को जल संरक्षण की अहमियत समझाते हुए उसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया है। इस दौरान प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचाब ने प्राकृतिक संसाधनो में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसके संरक्षण के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इस गतिविधि के दौरान वाटर फुटप्रिंट एनालिसिस द्वारा पानी के प्रभावी प्रयोग व इसे संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. नीरज, डॉ. सीमा, डॉ. प्रियंका, सुकेश आदि उपस्थित रहे।

# गीता हमारे जीवन का श्रेष्ठ दर्पण : पंडित प्रपन्नाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

श्री सत जींदा कल्याण आश्रम कलानौर में महंत खुशहाल दास महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे सात दिवसीय गीता ज्ञान महोत्सव में शुक्रवार को प्रयागराज से आए महाराज पंडित सर्वेश प्रपन्नाचार्य ने गीता अमृत वर्षा करते हुए भगवान के भक्तों के लक्षणों का वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भगवान के भक्त को सुख-दुख मान सम्मान में एक समान रहना चाहिए। श्रीमद् भागवत गीता हमें यह बताती है कि मनुष्य को किसी भी परिस्थिति में निराश नहीं होना चाहिए, मनुष्य अपनी इंद्रियों को वश में रखकर और भक्ति मार्ग पर चलकर अपना आत्म कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता हमारे जीवन का एक श्रेष्ठ दर्पण है। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्रा, नरेश तनेजा, श्याम तनेजा, रामदिता बत्रा, सतीश शर्मा, बी मदन, आनंद प्रकाश अरोड़ा, अविनाश बत्रा, सरोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
SWEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतक: दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बैसमेंट के अंदर।

**खबर संक्षेप**

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा

**रोहतक।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी ) की हरियाणा राज्य कमेटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। राज्य सचिव सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि बदले की भावना से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार किये जाने वाले इंडिया मंच के दूसरे मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है।

## महिला कॉलेज में फागुन मेले का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय महिला कॉलेज लाखनमाजरा में होली के अवसर पर खुशी के रंगों से सराबोर फागुन मेले का आयोजन गृह विज्ञान और बॉटनी विभाग द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या इंदु सपरा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ नविंदर ने हवन के साथ किया। इस मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने फल, फूल एवं सब्जियों से निर्मित ऑर्गेनिक कलर्स बनाने भी सीखे। प्राचार्या ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी । साथ ही कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जो हमें धर्म, जाति, भाषा आदि के से ऊपर उठाकर समानता का संदेश देता है।

# त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट पेट्रोलिंग की तेज, नाके लगाए

## हुड़दंग करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही : एसपी हिमांशु गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



होली के त्योहार के नाम पर हुड़दंग करने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। रोड पर शराब पीकर हंगामा करने, आने जाने वाले लोगों को जबरदस्ती रंग लगाने पर भी कार्रवाई होगी। नहीं मानने पर सिरफिरों को सलाखों के पीछे भी जाना पड़ सकता है। रोहतक एसपी हिमांशु गर्ग ने शुक्रवार को सख्त दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा सभी एसएचओ, चौकी प्रभारी, राइडर, पीसीआर अपने एरिया में दिन रात गश्त करेंगे और हालात पर नजर रखेंगे। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने सभी राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी थाना, चौकी, सीआईए स्टाफ, महिला पुलिस व यातायात पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के साथ-साथ पुलिस विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली व धुल्हंडी के दिन कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए रोहतक शहर प्रभावी रूप से नाकाबन्दी व गश्त की जाएगी। शहर में 26 जगहों पर नाकाबंदी की जाएगी। 24 मार्च को रात 12 बजे से सुबह 10 बजे तक व 25 मार्च को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक नाकाबंदी की जाएगी।

### कस्बों में होगा सख्त पहरा

महम, सांपला, कलानौर, लाखनमाजरा व ग्रामीण इलाकों में भी 25 मार्च को 18 जगह चिन्हित कर नाकाबंदी की जाएगी। नाकाबंदी के अलावा बाजार व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में 28 पैदल पेट्रोलिंग पार्टी व पीसीआर, ईआरवी व राइडर निरंतर गश्त मौजूद रहेंगी।

इसके अतिरिक्त 48 संवेदनशील इलाको मे पैदल पेट्रोलिंग लगाई है। असामाजिक एवं शरारती तत्वों व हुड़दंग करने वाले युवकों पर पैनी नजर रखेगी तथा जरूरत पड़ने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेगी। पुलिस द्वारा निरंतर चैकिंग की जाएगी तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कुछ शरारती तत्व बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर होली के दिन सड़कों पर हुड़दंग करते हैं और साइलेंसर से पटाखे की ध्वनि छोड़ते हैं। ऐसे हुड़दंग करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। एसपी ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाईन में रिजर्व पुलिस बल तैनात किया गया है।जो आवश्यकता पड़ने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में करेंगे। साइबर विशेषज्ञों द्वारा सोशल मीडिया जैसे व्हाटसअप, फेसबुक, ट्विटर आदि पर नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### शांति से मनाएं त्योहार



पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने आमजन को होली व धुल्हंडी की बधाई देते हुए कहा कि रोहतकवासी हर्षोल्लास, शांतिपूर्वक व सद्भावना के साथ त्यौहार को मनाए। सावधानी में ही सुरक्षा है। किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन ना करे। शराब पीकर वाहन न चलाए, मोटरसाइकिल चालक बिना हेलमेट व ट्रिपलिंग राइडिंग आदि न करे, हुड़दंग न मचायें और कानून व्यवस्था को बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें।

### यहां दें सूचना

किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति की सूचना या किसी प्रकार की कोई दुर्घटना के बारे या पुलिस सहायता के लिए डायल-112 पर संपर्क करें। आप अपने नजदीकी पुलिस थाना/चौकी में भी सम्पर्क कर सकते हैं। रोहतक पुलिस आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है।

## आठ शहरों में चल रहे जन सेवा संस्थान के अनाथालय-वृद्ध आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ 900 बेसहारा को मिल रही है मुफ्त सुविधाएं

जन सेवा संस्थान रोहतक एवं शाखा चरखी दादरी द्वारा चम्पापुरी चरखी दादरी में 24 मार्च को अनाथ आश्रम व वृद्ध आश्रम के नए भवन के निर्माण के लिए शिलान्यास किया जाएगा। संस्थान के द्वारा इस समय 8 अनाथ व वृद्धाश्रम चलाए जा रहे हैं। जिनमें 900 के लगभग बेसहारा स्त्री पुरुष निवास कर रहे हैं।

भोजन, वस्त्र, निवास, इलाज आदि सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। ये बात जन सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता गुप्ता होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेठ महाबीर प्रसाद गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना व सुंदरकांड पाठ से होगा। इसके बद हवन यज्ञ के साथ भूमि पूजन होगा। डॉ. स्वामी परमानंद महाराज ने बताया कि पिछले 6 वर्षों से चरखी दादरी में अनाथ आश्रम का संचालन श्री कृष्ण गोशाला में चल रहा है।

## होली के रंग देते हैं प्यार का संदेश : डॉ. महाश्वेता



**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में सांस्कृतिक विभाग के तत्वाधान होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने कहा कि होली का त्यौहार हमें प्यार का संदेश देता है। हम किसी भी क्षेत्र से, किसी भी धर्म से हों लेकिन इस दिन सब एक हो जाते हैं। सब भेदभाव, शिकवे-गिले, ईर्ष्या-द्वेष को भुलाकर एक दूसरे को गले लगा लेते हैं। सभी शिक्षकों एवे विद्यार्थियों ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। हरियाणवी, बॉलीवुड, पंजाबी गीतों पर विद्यार्थी जमकर थिरके। रंग बरसे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, होली खेले रघुविरा अवध में आदि गीतों ने समा बांध दिया। इस अवसर पर डॉ. गीता रानी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. मोना मल्होत्रा, डॉ. सोन किरण, पूनम अत्री, विनोद, निधि, पूनम, राखी, रवि आदि उपस्थित रहे।



## जन सेवा संस्थान में 80 महिलाओं के दांत जांचे

**रोहतक।** जन सेवा संस्थान में डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जन सेवा संस्थान के महिला वृद्ध आश्रम में 80 महिलाओं के दांतों की जांच हुई। सीएमओ ऑफिस से डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. शिवानी, डॉ. मधुर गर्ग ने महिलाओं के दांतों की जांच की और बढ़ती उम्र के साथ होने वाली दांतों से संबंधित बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों समय ब्रश करें।

## 250 बच्चों के दांतों की जांच, सफाई की जानकारी दी

सांपला। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शुक्रवार को वार्ड तीन में स्थित राजकीय स्कूल में दांतों का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुजाता की टीम ने बच्चों के दांतों की जांच की। डॉ. सुजाता ने बच्चों को बताया कि दांतों की देखभाल की जितनी जरूरत होती है, उतनी ही जरूरत मसूड़ों की देखभाल की भी होती हैं। क्योंकि मसूड़े जितने मजबूत होंगे, दांत भी उतने ही मजबूत रहेंगे। बताया कि दांतों और मसूड़ों को सुबह शाम एक निश्चित समय देना चाहिए। हमें ब्रश करने की क्रिया को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए। सुबह उठने के बाद या नाश्ते के पश्चात और रात में सोने से पहले पांच मिनट समय निकालकर ठीक से ब्रश करना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मचारी दीपक व सुमन ने बताया कि दांतों की सुरक्षा बहुत जरूरी है।

# वैश्य कॉलेज में फ्लावर फेस्ट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वैश्य महाविद्यालय के बॉटनी, जूलॉजी एवं इको क्लब के तत्वाधान फ्लावर फेस्ट का आयोजन किया। कार्यक्रम के आयोजक जूलॉजी डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. फूल सिंह यादव रहे। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने छात्रों को वनस्पति के सुश्रुत महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र जितेंद्र अरोड़ा ने अपने पुराने अनुभवों को साझा किया। प्रतियोगिता में इको क्लब की संयोजक डॉ. विनीत बाला और सह संयोजक डॉ. पिंकी यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

मेडिसिनल कैटेगरी में गरिमा ने प्रथम, ममता ने द्वितीय और नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आर्नामिंटल कैटेगरी में नेहा मलिक ने प्रथम, हर्षिता ने द्वितीय और अमन मल्होत्रा ने तृतीय, जीरो फाइट कैटेगरी में मुस्कान ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय और अंश ने तृतीय, फ्लावरिंग प्लांट्स में नेहा ने प्रथम, श्रुति ने द्वितीय और राहुल ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। वही दूसरी ओर एनवायरमेंट क्लब ने बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया।

# टीबी को जड़ से मिटाने का लिया संकल्प

## कई जगह कार्यक्रम, स्वास्थ्य विभाग ग्राम पंचायतों की ले रहा मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व टीबी दिवस पर स्थानीय जिला टीबी अस्पताल में विश्व टीबी दिवस का आयोजन किया गया। टीबी को जड़ से मिटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार अभी तक जिला की 7 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला के मार्ग दर्शन तथा उप सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. कुमारी इंदु की अध्यक्षता में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला को टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया गया। जिला की 134 ग्राम पंचायतों से टीबी मुक्त अभियान को लेकर रिपोर्ट वांछित है। इनमें से 16 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त अभियान के लिए नामांकित हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नामांकित ग्राम पंचायतों की वेरिफिकेशन कर रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में जिला की 7 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुई हैं, जिनमें भैणी भैरों, घुसकानी, कारौर, मोरखेडी, जैतपुर, मसूदपुर व गरनावठी शामिल है। विभाग ने ऐसी ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट मांगी थी, जहां पर एक हजार जनसंख्या के पीछे 30 सैंपल टीबी जांच के लिए गए। इन गांवों में उपचार रेट 85 फीसदी होना चाहिए और निक्षय पोषण योजना 100 फीसदी होनी चाहिए। अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला ने प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उप सिविल सर्जन डॉ. कुमारी इंदु ने कहा कि आम जनता निक्षय मित्र बन कर टी.बी. मरीजों को प्रोटीन युक्त पोषण आहार देकर टीबी को जड़ से मिटाने की मुहिम में शामिल हो। वेरिफिकेशन प्रक्रिया के दौरान स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से राकेश सोमल और ज्योति, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कुमारी इंदु, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पा मेहता, डॉ. सोनल डोगरा, डॉ. सुशीला वर्मा, जिला कार्यक्रम समन्वयक जयंत सांगवान, सभी वरिष्ठ इलाज पर्यवेक्षक और निक्षय ऑपरेटर ज्योति आदि मौजूद रहे।

# विपक्षियों की आवाज दबाने के लिए सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग : खत्री

**सांपला।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास खत्री ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने के लिए ईडी, सीबीआई व सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते तक फ्रीज किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को कमजोर करने की नाकाम कोशिश की जा रही है। भाजपा सरकार डरी हुई है। क्योंकि जनता द्वारा चुने हुए मुख्यमंत्री को तोड़ने के लिए उनको गिरफ्तार किया जा रहा है।



## शिक्षा भारती विद्यालय अकबरपुर में फैमिली फन डे और होली महोत्सव का आयोजन

**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय अकबरपुर में फैमिली फन डे तथा होली महोत्सव मनाया गया। कक्षा नर्सरी से प्रथम तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं उनकी माताओं ने अनेक गतिविधियों में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या दीपाली ने कहा कि इस कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य यह है कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक दोनों ही तनावपूर्ण वातावरण से गुजरते हैं, अब बच्चों की परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं। इसलिए विद्यालय द्वारा एक दिन निर्धारित किया गया जब अभिभावक एवं बच्चे दोनों मनोरंजन एवं मौज मस्ती कर सकें। बच्चों की गतिविधियों में थ्रो द बॉल, ब्लो द बॉल, वाक ऑन प्लेट्स, पिरामिड व माताओं की गतिविधियों में डांस, भजन एवं म्यूजिकल चेयर, फूल एवं रंगो द्वारा होली महोत्सव आदि गतिविधियां शामिल रही। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनकी माताओं को विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या दीपाली द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# एसकेएमएम ईवीएम हटाओ मोर्चा आज देगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत 200 दिन का काम देने की जाएगी मांग

शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और ईवीएम हटाओ संयुक्त मोर्चा राज्य के सभी ब्लॉकों,तहसीलों और ज़िला स्तर पर सभी सम्मिलित संगठनों के साथ आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर रोहतक में भी शहीदी दिवस पर जिला उपायुक्त के मार्फत ज्ञापन दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय समन्वय समिति सांझा किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य वीरेन्द्र सिंह हुड्डा ने बताया कि एसकेएमएम से जुड़े संगठन ईवीएम की वर्तमान स्थिति और उपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर तुरंत सुनवाई करें।

बॉक्स

सदस्य वीरेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार और आरएसएस, एमएसपी C2+50% पर गारंटीशुदा खरीद, किसानों के लिए ऋण मुक्ति और श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के मुद्दों पर अपना रुख स्पष्ट करें।सांझा किसान मज़दूर मोर्चा ने आरएसएस द्वारा भारत के किसान आंदोलन को अपमानित करने के लिए माफी मांगने की मांग की,देश के सभी किसान, मज़दूर और वंचित समाज, शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस 23 मार्च को एमएसपी गारंटी का क़ानून , संपूर्ण ऋण मुक्ति, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत 200 दिन का काम और 700 रुपये की मज़दूरी, भूमि अधिग्रहण क़ानून 2013 की बहाली की मांग को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा।



## स्टैपिंग स्टोन्स स्कूल में होली उत्सव और विश्व जल दिवस का आयोजन

**रोहतक।** सनसिटी सेक्टर 36 ए स्थित स्टैपिंग स्टोन्स स्कूल में होली दिवस और विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। होली का त्योहार एकता तथा भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन लोग गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। जल हमें प्रकृति द्वारा दिया गया एक अनमोल तोहफा है। हमें इसका सम्मान करना चाहिए न कि इसको व्यर्थ में बर्बाद करना चाहिए। मनुष्य, जानवरों, पेड़ पौधों सभी के जीवन में जल उपयोगी है। जल के बिना जीवन असंभव है। जल है तो कल है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे**

# 'आंख मिचौली' से सामाजिक विसंगतियों पर किया प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





पारिवारिक जीवन की विसंगतियों पर व्यंग्यात्मक प्रहार करते हुए, दांपत्य जीवन की चुनौतियों के सच को उजागर करते हुए, चाहतों की नैतिकता-अनैतिकता को इंगित करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में रंग महोत्सव के तहत रंग रास थिएटर इवेंट में आंख मिचौली नाटक का मंचन हुआ। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

प्रतिष्ठित लेखक सीपी देशपांडे द्वारा लिखित नाटक आंख मिचौली का निर्देशन प्रतिष्ठित नाट्यकर्मी सोनू रोंझिंया ने किया। रंग शिल्प थिएटर ग्रुप रोहतक की इस हास्य-व्यंगात्मक नाट्य प्रस्तुति में अरूण शर्मा, सिमरन, सुजाता रोहिल्ला तथा अरूण नारा ने प्रभावी भूमिका निभाई। दो युवा युगलों की कहानी आंख-मिचौली ने दांपत्य जीवन में नैतिक जीवन शैली तथा आपसी विश्वास के सार्थक संदेश को मुखरित किया। रंग रास के संयोजक प्रो. हरीश कुमार ने नाटक की पृष्ठभूमि तथा नाट्य ग्रुप की जानकारी दी। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि परफार्मिंग आर्ट्स में नाटक एक प्रभावी संचार माध्यम है, जिसके जरिए प्रभावी सामाजिक संदेश दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नाट्य परंपरा भारत में प्राचीन काल से है। प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि रंग रास थिएटर उत्सव आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालय समुदाय में परफार्मिंग आर्ट्स को लोकप्रिय बनाना तथा विद्यार्थियों को अपने थिएटर तथा अभिनय कला के प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करना है।

कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि उपस्थित लेखक, नाट्यकर्मी, एमडीयू एलुमनाई कुलदीप कुनाल ने कहा कि उनकी इस रंग मंचीय जगत की यात्रा एमडीयू से प्रारंभ हुई। कुलदीप कुनाल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने सृजनशीलता को उड़ान देने के लिए इन एक्स्ट्रा- करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेना चाहिए। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रोफेसर तथा पूर्व डीन, एकेडमिक प्रो. सुरेन्द्र कुमार, नाटक निर्देशक सोनू रोंझिया, विशेष अतिथि कुलदीप कुनाल तथा नाटक के अभिनेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने किया। सुनित मुखर्जी ने थिएटर के महत्व को अपनी सारगर्भित टिप्पणी से वर्णित किया।

### ये रहे मौजूद

अवसर पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. बलवीर आचार्य, रंग बहार संयोजिका प्रो. विनीता हुड्डा, रंग कलम संयोजिका डॉ. सुनीता सैनी, रंग व्यंजन संयोजक प्रो. आशीष दहिया समेत रोहतक के नाटक प्रेमी नागरिक, विश्वविद्यालय समुदाय सदस्य उपस्थित रहे।